बिहार पशु चिकित्सा संघ

कार्यालय - विद्यापति मार्ग, पटना-800001

डॉ० विनोद कुमार मुक्ता

प्रधान महासचिव

मो० 7488601083

e-Mail : bvapatna@gmail.com

पत्रांक- ....36.........   दिनांक- ....20-04-2020......

सेवा में,

सचिव,
पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग,
बिहार, पटना ।

विषय ः–बिहार पशु चिकित्सा सेवा के 2014 तथा 2015 बैच के पशुचिकित्सा पदाधिकारियों की सेवा सम्पुष्टि के संबंध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबध में सादर निवेदन करना है कि संबंधित पशुचिकित्सा पदाधिकारियों की नियुक्ति विभागीय अधिसूचना सं0 – 4556 – सह– पठित ज्ञापांक –4557, दिनांक 27.12.2014 तथा अधिसूचना सं0 – 1148 – सह – पठित ज्ञापांक – 1149, दिनांक 30.03.2015 द्वारा पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग में की गई थी। उपरोक्त बैच के सभी पदाधिकारियों द्वारा विभागीय परीक्षा उत्तीर्ण करते हुए सेवा सम्पुष्टि की अर्हत्ता प्राप्त कर ली गई है । विदित हो कि विभागीय नियमावली – 2014 में दो (2) वर्षो की संतोषप्रद परिवीक्षा अवधि के उपरांत सेवा सम्पुष्ट करने का प्रावधान है, परन्तु सेवा के पाँच वर्ष पूर्ण कर लेने के उपरांत भी अभी तक इनकी सेवा सम्पुष्टि नहीं हो सकी है।

अतः श्रीमान् से सादर अनुरोध है कि संबंधित पशुचिकित्सा पदाधिकारियों की सेवा सम्पुष्टि से संबंधित प्रभाग को यथाशीघ्र कार्रवाई करने हेतु निदेश देने की कृपा की जाय।

विश्वासभाजन

(डा0 विनोद कुमार मुक्ता)
प्रधान महासचिव